मूल्य 1 रु.
वर्षः 15 - अंक : 30, मुंबई, शुक्रवार, 16 मई, 2025 ■ RNI.NO. MAHHIN/2010/34146 ■ संपादकः दिलशाद एस. खान

दैनिक
# मुंबई हलचल
भारत सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त ®
अब हर सच होगा उजागर




DESI™ VILLAGE
RESTAURANT & CAFE
DUBAI



# पीएम मोदी देंगे इस्तीफा
## ट्रंप है कुलदेवता !
### संजय राउत का भाजपा पर वार, श्रीराम का दिया उदाहरण

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** महाराष्ट्र समेत देश भर भाजपा ऑपरेशन सिंदूर और भारतीय सेना के सम्मान में तिरंगा रैली निकाल रही है। इस तिरंगा रैली की शिवसेना यूबीटी सांसद संजय राउत ने आलोचना की है। उन्होंने डोनाल्ड ट्रंप को हिंदुस्ता का शासक बताया है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमित शाह के इस्तीफे की मांग की है। इस दौरान संजय राउत ने कांग्रेस से इस्तीफ की मांग करने का आग्रह किया। संजय राउत ने कहा, कांग्रेस ने खुलासा नहीं सबसे पहले नरेंद्र मोदी का इस्तीफा मांगना चाहिए।

(शेष पृष्ठ 3 पर)



# ईडी की एक साथ 13 जगहों पर छापेमारी

ENFORCEMENT DIRECTORATE

## 41 अनधिकृत इमारतों का मामला

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए वसई-विरार महानगर क्षेत्र के नालासोपारा पूर्व के अग्रवाल नगर इलाके में 41 अनधिकृत इमारतों के खिलाफ एक साथ 13 जगहों पर छापेमारी की है। ईडी ने 60 एकड़ सरकारी और निजी जमीन पर अवैध रूप से इमारतों के निर्माण और उनसे जुड़े वित्तीय लेन-देन, मनी लॉन्ड्रिंग के संदेह में यह कार्रवाई की है। इस मामले में बहुजन विकास अघाड़ी पार्टी के पूर्व नगरसेवक सीताराम गुप्ता के खिलाफ सीधी कार्रवाई की गई है और उनके साथ ही नामी बिल्डर अनिल गुप्ता के खिलाफ भी मनी लॉन्ड्रिंग का मामला दर्ज किया गया है। ईडी की प्रारंभिक जांच में पता चला है कि यह जमीन वसई-विरार नगर निगम की है और मूल रूप से यह सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट और डंपिंग ग्राउंड के लिए आरक्षित थी।

(शेष पृष्ठ 3 पर)

# नए सिरे से होगी बदलापुर मुठभेड़ मामले की जांच
## DGP रश्मि शुक्ला ने नई SIT टीम का किया गठन

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** बदलापुर यौन शोषण मामले में आरोपी की मौत के मामले में अब नए दल का गठन किया जाएगा। महाराष्ट्र पुलिस के महानिदेशक ने बदलापुर स्कूल यौन उत्पीड़न मामले के आरोपी अक्षय शिंदे की हिरासत में मौत की जांच के लिए एक नए विशेष जांच दल का गठन किया है। अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि डीजीपी रश्मि शुक्ला ने खुद उच्चतम न्यायालय के आदेश के अनुसार नई एसआईटी टीम का गठन किया है। एसआईटी का नेतृत्व मीरा-भयंदर-वसई-विरार (एमबीवीवी) पुलिस से संबद्ध अतिरिक्त पुलिस आयुक्त दत्ता शिंदे को सौंपा गया है, जो एक उप महानिरीक्षक स्तर के अधिकारी हैं।

(शेष पृष्ठ 3 पर)



### नए एसआईटी गठन करने के निर्देश

पुलिस हिरासत में हुई हत्या से शिंदे के परिवार ने बंबई उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया और दावा किया कि यह फर्जी मुठभेड़ थी। चूंकि सीआईडी ने उच्च न्यायालय के आदेश के बावजूद पुलिस अधिकारियों के खिलाफ मामला दर्ज नहीं किया, इसलिए अदालत ने निर्देश दिया कि संयुक्त पुलिस आयुक्त (अपराध) लखमी गौतम की अध्यक्षता में एक एसआईटी मामले की जांच करे। इसके बाद महाराष्ट्र सरकार ने उच्चतम न्यायालय का दरवाजा खटखटाया, जिसने राज्य के डीजीपी को एक नई एसआईटी गठित करने का आदेश दिया।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

## हमारी बात

### गुस्सा जायज है, मगर..

**एक दूसरा तरीका यह है कि तमाम देशों ने भारत से लगाव क्यों नहीं जाहिर किया, इस सवाल पर गंभीरता से विचार किया जाए। इस प्रश्न पर आत्म-मंथन की जरूरत है कि आखिर भारत दुनिया में क्यों इतना अकेला पड़ गया है!**

ऑपरेशन सिंदूर के दौरान तुर्किये और अजरबैजान ने पाकिस्तान का साथ दिया, इसलिए उन दोनों देशों के प्रति भारत में स्वाभाविक गुस्सा भड़का है। इसे जताने के लिए दोनों देशों के बहिष्कार का अभियान जोर पकड़ गया है। भारतीय सैलानी वहां के लिए अपनी बुकिंग रद्द करवा रहे हैं। भारत सरकार ने भी तुर्किये के सोशल मीडिया हैंडल्स को देश में प्रतिबंधित करवा दिया है। लेकिन इस मुहिम के दौरान एक अजीब किस्म का विरोधाभास नजर आता है। पाकिस्तान का सबसे बड़ा मददगार कोई साबित हुआ है, तो वह चीन है। हालिया टकराव के समय भी उसने अपनी फौलादी दोस्ती निभाई और पाकिस्तान की संप्रभुता एवं सुरक्षा के लिए अपना समर्थन जताया। अंतरराष्ट्रीय मीडिया की रिपोर्टों पर ध्यान दें, तो संकेत मिलता है कि चीनी हथियार पाकिस्तान के लिए बेहद सहायक साबित हुए। और इस समय जबकि पाकिस्तान से तनाव कायम है, चीन ने भारत से लगी पूर्वी सीमा को गरमाने की कोशिश की है। अरुणाचल प्रदेश पर उसने फिर अपना दावा जता दिया है। मगर चीन के बहिष्कार की बात कहीं गायब है। जबकि चीन का बहिष्कार अधिक आसान है। आखिर भारतीय बाजार चीन में बनी वस्तुओं से भरे पड़े हैं, जिनसे तुरंत तौबा की जा सकती है। बात इतनी ही नहीं है। ऑपरेशन सिंदूर के समय इस्लामी देशों के संगठन ओआईसी ने भी पाकिस्तान का पुरजोर समर्थन किया। इसके सदस्य 57 देशों में यूएई और सऊदी अरब भी हैं, जिन्हें भारत का दोस्त बताया जाता है। उन सबके प्रति भी चुप्पी है। वैसे गुस्सा तो आजमाये हुए दोस्त रूस के प्रति भी होना चाहिए, जिसने इस मौके पर भारत का साथ नहीं दिया। उधर अमेरिका का ट्रंप प्रशासन अपने बयानों से लगातार भारत के लिए असहज स्थिति पैदा कर रहा है। तो अपेक्षित यह है कि इन सबके प्रति भी भारतवासी आक्रोश की भावना रखें। या फिर एक दूसरा तरीका यह है कि इन तमाम देशों ने भारत से लगाव क्यों नहीं जाहिर किया, इस सवाल पर गंभीरता से विचार किया जाए। इस प्रश्न पर आत्म-मंथन की जरूरत है कि आखिर भारत दुनिया में क्यों इतना अकेला हो गया है!

# मध्य प्रदेश सरकार के मंत्री विजय शाह के खिलाफ देशद्रोह का मुकदमा दायर करें

## सुप्रीम कोर्ट सो मोटो संज्ञान ले एकता संघटन की मांग

**रावेर।** १२ मैं को इंदौर जिले के महू विधानसभा के ग्राम मानपुर छापरिया,पंचायत के रायकुंडा गांव में विजय शाह द्वारा भारत देश की कर्नल सोफिया कुरैशी के बारेमें जो अभद्र टिप्पणी की है उसके खिलाफ देशद्रोह का गुनाह दाखिल करो इसलिए एकता संघटन द्वारा उनकी प्रतिमा को महिला के हाथों जोड़े मारो आंदोलन करके महामहिम राष्ट्रपति को जिला अधिकारी आयुष प्रसाद के माध्यमसे निवेदन दिया गया।




**समस्त महिला जाती का अपमान**

कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर यमिका सिंग ने जो पाकिस्तान के खिलाफ कार्रवाई की उसकी प्रशंसा पूरा भारत देश कर रहा है और उसमें हमारे पंतप्रधान जी का बहुत बड़ा योगदान रहा। साथ ही तीनों सैनिक दलों ने भी उसकी सरहाना की है। लेकिन हमारे मध्य प्रदेश सरकार के भाजपा नेता तथा मंत्री विजय शाह ने हमारे भारत की महान बेटी/ बहन को आतंकी पाकिस्तान की बहन कहकर उनकी आलोचना की है। साथ ही गंदे अल्फाज का इस्तेमाल किया है। दुर्भाग्य पूर्ण की बात यह है कि उनके भाषण पर वहां मंच पर उपस्थित क्षेत्रीय सांसद और केंद्रीय मंत्री सावित्री ठाकुर और विधायक उषा ठाकुर ने भी उस वक्त तालियां बजाकर विधायक शाह को प्रोत्साहित किया।

**देशद्रोह के कानून के तहत कारवाई हो**

सरकार ने अभी नेहा राठौर जो एक कवित्री है उन्होंने हमारे पंतप्रधान पर जो कुछ कविता कही है उसके खिलाफ देशद्रोह का मुकदमा दायर किया गया है। जबकि वह अभिव्यक्ति स्वतंत्रता में आता है इसलिए महामहिम सेअनुरोध करते हैं कि इन पर भी देशद्रोह का मुकदमा दायर हो।

**राष्ट्रपति और सुप्रीम कोर्ट से निवेदन द्वारा मांगे**

१) मध्य प्रदेश के मंत्री विजय शाह पर देशद्रोह और आईटी क्षेत्र से संबंधित गुनाह दर्ज किया जाए। और उन्हें तुरंत अरेस्ट की जाए।

२) इस कार्यक्रम में विजय शाह के भाषण पर जो एक उच्च पदस्थ महिला अधिकारी के खिलाफ अभद्र टिप्पणी की जा रही थी उस पर तालियां बजाकर प्रोत्साहित करने वाली संसद तथा केंद्रीय मंत्री सावित्री ठाकुर और विधायक उषा ठाकुर पर भी देशद्रोह का गुनाह दाखिल किया जाए।

३) इस कार्यक्रम के आयोजकों पर भी संगनमत द्वारा देशद्रोह का गुनाह दायर होना ही चाहिए।

४) विजय शाह सावित्री ठाकुर और उषा ठाकुर को अपने पदों से इस्तीफा देना चाहिए या फिर पार्टी ने उनसे इस्तीफा लेना चाहिए।

५) इन सभी पर देशद्रोह के अंतर्गत गुनाह दाखिल होते ही उन्हें जेल में डालकर जब तक इस केस का निर्णय नहीं लगता उसे वक्त तक उन्हें अंडर ट्रायल ही रखना चाहिए और उनकी जमानत नहीं होनी चाहिए।

**सी जी आय से जनहित याचिका की मांग**

माननीय चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया सुप्रीम कोर्ट दिल्ली आप से अनुरोध है कि आप इस शिकायत को जनहित याचिका समझकर इस पर कर कार्रवाई करें ऐसी डिमांड की गई है।

**निवेदन की प्रतियां**

माननीय पंतप्रधान, संरक्षण मंत्री, अध्यक्ष, राष्ट्रीय महिला आयोग, दिल्ली, अध्यक्ष राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग, दिल्ली इन्हें भी कॉपियां दो गई।

**इनकी थी उपस्थिति**

मुफ्ती खालिद, हाफिज रहीम पटेल, मौलाना तौफीक शाह, मौलाना कासीम नदवी, मौलाना उमर नदवी, हाफिज शहीद, फारूक शेख, सैयद चांद, अनीस शाह, मतीन पटेल, मजहर पठान, अनवर शिकलगर, आरिफ देशमुख, अँड आमिर शेख, मोह फजल, इम्रान शेख, नजमोद्दीन शेख, इम्रान गनी, सलीम सेट और माजीद बरतन वाले,

**महिला प्रतिनिधी**

श्रीमती हाजरा शेख,नाजिया शेख, रुबीना अन्वर, जरीना रऊफ, शकीला शहाबुद्दीन, अमिना कासम, यास्मिन समद, अंजुम हमीद, शब्बीर बी हैदर, सबिना इकबाल, साकिना इस्माईल, अझीझा हकीम हाजिर थे।

# मौत को गले लगाने में आगे कानपुर के युवा, छात्र की सूचना मिलते ही छात्रा भी झूली

**कानपुर।** प्रेम प्रसंग समेत और भी कई कारणों से मौत को गले लगाने के मामले में कानपुर के युवा आगे चल रहे हैं। इस कथन की पुष्टि की एक छात्र और एक छात्रा ने। दोनों ने ही फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली । पहले छात्र ने फांसी लगाई और जब उसकी सूचना पड़ोस में रहने वाली छात्रा को मिली तो उसने भी यही किया। पुलिस सूत्र घटना की वजह प्रेम प्रसंग से जुड़ी बता रहे हैं। वहीं पुलिस ने दोनों के परिवारों में कोहराम के बीच जांच की बात करते हुए दोनों के शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवाए हैं। आत्महत्या की इन दोनों घटनाओं का संबंध नरवल थाना क्षेत्र के दीपापुर गांव से है। जहां पड़ोस में रहने वाले छात्र और छात्रा ने आत्महत्या कर ली। मिली जानकारी के मुताबिक रात को बीए प्रथम वर्ष का छात्र विपिन (20) ने फांसी



लगा ली तो आज वीरवार सुबह इंटर की छात्रा रिया उर्फ पूर्णिमा (18) ने भी यही किया। उसने भी फंदा लगाकर जान दे दी। फिलहाल दोनों के फांसी लगाने का कारण अभी तक स्पष्ट नहीं हो सका है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। पुलिस के अनुसार अमर सिंह का बेटा विपिन प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी भी कर रहा था। वही विपिन के पड़ोस में रहने वाली रिया विनय यादव की बेटी थी। यह जब रिया को पता चली तो उसने भी अपने घर में फांसी लगाकर जान दे दी। जिससे दोनों के परिवारों में कोहराम मचा हुआ है। इनमें से विपिन के चचेरे भाई वीरू यादव ने भी बीते 2 दिसंबर को संदिग्ध परिस्थितियों में अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। पुलिस ने बताया कि आत्महत्या किए जाने का कारण अभी पूर्ण रूप से स्पष्ट नहीं हो पाया है। दोनों की लाशों को पोस्टमार्टम के लिए भेजने के साथ ही घटना की वजह जानने के लिए मामले की जांच की जा रही है।

मालिक,मुद्रक,प्रकाशक-**दिलशाद एस खान** द्वारा एस आर प्रिंटिंग प्रेस,मोहन अर्जुन कंपाउंड, वैशाली नगर दहिसर (पूर्व),मुंबई-68 से मुद्रित व मुंबई हलचल,साईं मंगल को ऑ हॉ सो बी-2-301,इस्माइल बाग नियर मालाड शॉपिंग सेंटर, एस वी रोड,मालाड (प ) मुंबई से प्रकाशित RNI NO MAHHIN/2010/34146, फोन: **9619102478 /9821238815**
email: mumbaihalchal@gmail com संपादक: **दिलशाद एस खान,** समाचार पत्र में छपे किसी भी समाचार से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी विवाद का निपटारा न्याय क्षेत्र मुंबई होगा।

# श्रीरामपुर पुलिस की बड़ी कार्रवाई
# 14 करोड़ का अल्प्राझोलम
# ड्रग्स जब्त, 1 गिरफ्तार

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**अहिल्यानगर।** श्रीरामपुर पुलिस द्वारा की गई एक बड़ी कार्रवाई में 13 करोड़ 75 लाख 41 हजार रुपये मूल्य का 408 किलो का अल्प्राझोलम मादक पदार्थ जब्त किया गया है। इस मामले में टेम्पो चालक मिनीनाथ राशिनकर को गिरफ्तार किया गया है, जबकि पुणे जिले के एक केमिकल इंजीनियर के खिलाफ श्रीरामपुर शहर पुलिस थाने में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। वहीं आरोपी विश्वनाथ शिपणकर के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। श्रीरामपुर के उपविभागीय पुलिस अधिकारी डॉ. बसवराज शिवपुजे ने बताया कि यह कार्रवाई अहमदनगर जिले में मादक पदार्थों के इतने बड़े मूल्य पर पहली बार की गई है। डॉ. शिवपुजे ने बताया कि उन्हें श्रीरामपुर एमआईडीसी क्षेत्र में एक लघु मालवाहक वाहन से नशीले पदार्थों की तस्करी होने की सूचना मिली थी। इस सूचना पर पुलिस निरीक्षक नितीन देशमुख के नेतृत्व में एक टीम को जांच के लिए रवाना किया गया।




**14 सफेद पाउडर की बोरियां बरामद**

बुधवार शाम को पुलिस को दिघी-खंडाला मार्ग पर एक संदिग्ध टेम्पो दिखाई दिया। तलाशी लेने पर उसमें 14 बोरियों में सफेद पाउडर और 7 बोरियों में क्रिस्टल पदार्थ मिला। पूछताछ में चालक ने बताया कि ये क्रिस्टल अल्प्राझोलम है और पाउडर उसका कच्चा माल है। फॉरेंसिक विशेषज्ञों की जांच में भी यह पुष्टि हुई कि जब्त सामग्री अल्प्राझोलम और उससे संबंधित कच्चा माल ही है।

**क्या होता है अल्प्राझोल?**

पुलिस ने बताया कि जब्त माल में 69.767 किलोग्राम अल्प्राझोलम क्रिस्टल जिसका मूल्य 6.97 करोड़, 338.037 किलोग्राम अल्प्राझोलम पाउडर मूल्य 6.76 करोड़ और एक टेम्पो वाहन इस प्रकार कुल 14.75 करोड़ का मादक पदार्थ व सामग्री जब्त की गई है। पूछताछ में यह सामने आया कि यह माल विश्वनाथ शिपणकर द्वारा दिया गया था, जो पूर्व में एक दवा कंपनी में कार्यरत था। अल्प्राझोलम एक प्रतिबंधित मादक पदार्थ है जिसका उपयोग नींद की गोलियां बनाने में किया जाता है। पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि यह पदार्थ कहां और कैसे निर्मित किया गया।

# गार्टेक्स टेक्सप्रोसेस इंडिया, मुंबई लाएगी भारत के टेक्सटाइल जगत में तेजी

**मुंबई।** भारत का टेक्सटाइल और परिधान सेक्टर डिजिटाइजेशन, सस्टेनेबिलिटी, उत्कृष्ट उत्पादन और जिम्मेदाराना मैनुफेक्चरिंग की दिशा में तेजी से बढ़ रहा है। गार्टेक्स टेक्सप्रोसेस इंडिया, मुंबई- कपड़ा उद्योग से जुड़े उन तमाम टेक्सटाइल और गार्मेंट मशीनरी के निर्माताओं, डेनिम मिलों के मालिकों, डिजिटल टेक्सटाइल प्रिंटिंग टेकनोलोजी उपलब्ध कराने वाले, रेडिमेड कपड़े के उत्पादक, टेक्सटाइल और टेक्सटाइल प्रोसेसिंग मशीनरी के निर्माताओं को अपने प्लेटफार्म के माध्यम से एकसाथ लाने का प्रयास कर रहा है। इस एक्सपो में देश-विदेश की 125 से ज्यादा कंपनियां, 300 से ज्यादा ब्रांड हिस्सेदारी करेंगे। भारतीय टेक्सटाइल उद्योग को देश की मैनुफैक्चरिंग अर्थव्यवस्था का रीढ़ माना जाता है जहां इन दिनों टेक्नोलोजी के क्षेत्र में तीव्र बदलाव हो रहे हैं। इसी बदलाव को पूरी दुनिया के सामने लाने की कोशिश गार्टेक्स टेक्सप्रोसेस इंडिया, मुंबई के माध्यम से हो रहा है जिसका आयोजन मेसे फ्रेंकफर्ट ट्रेड फेयर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड और MEX एक्जीबिशन्स प्राइवेट लिमिटेड संयुक्त रूप से कर रहे हैं। यह एक्सपो पूरी दुनिया के मैनुफैक्चरिंग इकाइयों को एक मंच पर लाने का काम कर रहा है, जहां तमाम देशी-विदेशी कंपनियां अपने आधुनिक उत्पाद पेश करने के अलावा भविष्य के लिए नए समाधान प्रस्तुत करेंगी।



इस एक्सपो में ज्यादातर ध्यान टेकनोलोजी के समन्वय, आटोमेशन और जिम्मेदाराना मैनुफैक्चरिंग पर केंद्रित होगा जहां इस बात को लेकर भी चर्चाएं होंगी कि भारत किस तरह से उत्पादन करता है, उसके स्रोत क्या हैं और किस तरह से ग्लोबल टेक्सटाइल जगत के मानचित्र पर भारत अपना स्थान बनाता जा रहा है। एक वैश्विक प्रदर्शनः इस वर्ष के एडिशन में चीन, इटली, जापान, कोरिया, सिंगापुर जैसे देशों की अंतर्राष्ट्रीय कंपनियाँ भाग लेंगी और ताइवान के लिए अलग से पैवेलियन बनाया गया है। प्रदर्शनी में भारत की अधिक नामचीन कंपनियां भी मौजूद रहेगी। सभी प्रसिद्ध कंपनियां अपने गार्मेंट और टैक्सटाइल उद्योग से जुड़े उत्पादों का प्रदर्शन करेंगी। कुछ अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर चर्चित कंपनियों- एप्सन (EPSON), कोर्निट और एमएसीपीआई (MACPI) इसमें हिस्सा ले रही हैं। कुछ कंपनियां सीधे तौर पर, तो कुछ कंपनिया अपने पार्टनरों और वितरकों के माध्यम से एक्सपो में हिस्सा ले रही हैं। इन नामचीन ग्लोबल कंपनियों के साथ भारत की भी अनेक कुछ नामचीन कंपनियां जैसे बालाजी सिविंग मशीन्स, डी सी सी, ई एच टूयूरेल, मैक्सम, पेंटोन और स्काई इंटरप्राइजेज जैसी कंपनियां शामिल रहेंगी। सुर्खियों में डेनिमः गार्टेक्स टेक्सप्रोसेस इंडिया में डेनिम मैनुफैक्चरर्स एसोसिएशन की ओर से डेनिम शो का भी आयोजन किया जा रहा है जिसमें देश भर की नामचीन डेनिम निर्माता कंपनियां और कंपनियों के मालिकों के एक मंच पर साथ आएँगे।

(पृष्ठ 1 का समाचार)

### पीएम मोदी देंगे इस्तीफा, ट्रंप है कुलदेवता!

कांग्रेस को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का इस्तीफा मांगना चाहिए। प्रधानमंत्री देश से झूठ बोल रहा है। प्रधानमंत्री हमारी फौज की टांग खींचकर पीछे ला रहा है। हमारी देश की संप्रभुता को खतरा डोनाल्ड ट्रंप ने पैदा किया है। मुंबई में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए शिवसेना (यूबीटी) सांसद संजय राउत ने कहा, कांग्रेस को पीएम मोदी और अमित शाह के इस्तीफे की मांग करनी चाहिए। पीएम देश से झूठ बोल रहे हैं और हमारे सशस्त्र बलों को पीछे हटाने की कोशिश कर रहे हैं। संजय राउत ने क्रेडिट पर आगे कहा, वॉशिंगटन में बैठकर यहां हस्तक्षेप कर रहा है। कह रहा है युद्ध में मैंने युद्धविराम किया है। पीएम मोदी क्या कर रहे थे, गोटियां खेल रहे थे? और डिफेंस मिनिस्टर क्या कर रहे थे। ऐसे में प्रधानमंत्री ने ट्रंप का नाम लेकर बोलना चाहिए आपनी कोई हैसियत नहीं हिंदुस्तान में हस्तक्षेप करने की। दिखाइये हिम्मत आप। कल सऊदी अरब में बैठकर 6वीं बार ट्रंप ने क्रेडिट लिया। आखिर कौन है ट्रंप। पूराने जमाने में हमारे यहां प्रभु श्रीराम वनवास गए तो राजा भरत ने उनकी पादुकाएं सिहांसन पर रखकर राज किया था। क्या प्रधानमंत्री प्रेसिडेंट के जूते सियासत पर रखकर हिंदुस्तान का राज चला रहे है? प्रधानमंत्री के साथ मुख्यमंत्री फडणवीस पर भी संजय राउत ने कटाक्ष किया। संजय राउत ने तिरंगा रैली की आलोचना करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस डोनाल्ड ट्रंप को कुल देवता मानना चाहिए, हर गांव में डोनाल्ड यात्रा निकाली जानी चाहिए। अब उन्होंने उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे पर निशाना साधते हुए कहा है कि टेंभी नाका पर डोनाल्ड ट्रंप की प्रतिमा स्थापित की जानी चाहिए और ऊपर अमेरिकी झंडा लगाया जाना चाहिए। संजय राउत ने कहा कि तिरंगा यात्रा निकालने का क्या कारण है? कौन सा श्रेय? युद्ध विराम और वापसी का श्रेय क्यों? एक पार्टी युद्ध विराम, वापसी और युद्ध विराम को ही एकमात्र जीत मानकर किसी देश में जीत का जश्न मनाती है। युद्ध विराम ट्रंप के जरिए हासिल हुआ। इन लोगों को अमेरिकी झंडा हाथ में लेकर डोनाल्ड यात्रा निकालनी चाहिए। देवेंद्र फडणवीस, एकनाथ शिंदे, जेपी नड्डा को डोनाल्ड यात्रा निकालनी चाहिए।

### नए सिरे से होगी बदलापुर मुठभेड़ मामले की जांच

एसआईटी दल में पिंपरी चिंचवड़ से एक पुलिस उपायुक्त, एक सहायक पुलिस आयुक्त, दो वरिष्ठ निरीक्षक (जिनमें से एक नवी मुंबई से हैं), दो सहायक पुलिस निरीक्षक, एक उप निरीक्षक और एक सहायक उप निरीक्षक शामिल हैं। अधिकारी ने बताया कि डीसीपी और वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक के अलावा सभी अधिकारी एमबीवीवी आयुक्तालय से हैं। उन्होंने बताया कि एसआईटी ने अपराध जांच विभाग से मामले से संबंधित सभी दस्तावेज अपने कब्जे में ले लिए हैं और नए सिरे से इस मामले की जांच शुरू कर दी है। पहले मामले की जांच सीआईडी कर रही थी। अधिकारी ने बताया कि इससे पहले अतिरिक्त पुलिस आयुक्त दत्ता शिंदे ठाणे और नवी मुंबई में काम कर चुके हैं और इस इलाके को अच्छी तरह से जानते हैं। वह पालघर में पुलिस अधीक्षक भी रह चुके हैं। ठाणे जिले के बदलापुर स्थित एक स्कूल में दो किंडरगार्डन छात्राओं के साथ यौन उत्पीड़न के आरोपी अक्षय शिंदे (24) की पुलिस की गोलीबारी में मौत हो गई थी। शिंदे ने 23 सितंबर, 2024 को तलोजा केंद्रीय कारागार से बदलापुर पुलिस थाने ले जाते समय कथित तौर पर एक पुलिसकर्मी की बंदूक छीनकर गोलियां चला दीं थी।

### ईडी की एक साथ 13 जगहों पर छापेमारी

लेकिन संबंधित राजनीतिक और निर्माण क्षेत्र के लोगों ने स्थानीय प्रशासन के साथ मिलीभगत करके इस जमीन पर अवैध रूप से प्लॉटिंग की और इस पर बड़े पैमाने पर आवासीय और व्यावसायिक इमारतें खड़ी कर दीं। ईडी के अनुसार, इन इमारतों के पास कोई कानूनी लाइसेंस, आधिकारिक योजना या सरकारी मंजूरी नहीं थी। फिर भी, हजारों वर्ग फीट में फैली इन इमारतों को नागरिकों को बेच दिया गया और करोड़ों रुपये का वित्तीय कारोबार हुआ। इस पूरी प्रक्रिया में पूर्व पार्षद सीताराम गुप्ता की भूमिका बेहद संदिग्ध रही है। ईडी का आरोप है कि उन्होंने स्थानीय अधिकारियों पर दबाव बनाने और परियोजनाओं के लिए प्रशासनिक मंजूरी पाने के लिए अपने राजनीतिक पद का दुरुपयोग किया। ईडी की कार्रवाई के बाद अब शक की सुई वसई-विरार महानगरपालिका प्रशासन पर घूम गई है। सवाल यह उठ रहा है कि जब इतने बड़े पैमाने पर अवैध निर्माण हो रहा था, तो संबंधित अधिकारियों ने इसे क्यों नजरअंदाज किया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, इस लेन-देन में कुछ अधिकारी सीधे तौर पर शामिल थे और संकेत हैं कि उन्होंने इन अवैध गतिविधियों पर आंखें मूंद लीं और मौन सहमति दी। जिन 13 जगहों पर ईडी ने छापेमारी की, उनमें सीताराम गुप्ता का निवास, अनिल गुप्ता का कार्यालय और कई निर्माण परियोजनाएं शामिल हैं। वित्तीय लेनदेन के दस्तावेज, बैंक खाते का विवरण, पंजीकरण दस्तावेज और मोबाइल फोन जब्त किए गए हैं।

## खबर संक्षेप

### 'पीओके को वापस लिया जाना चाहिए' : अठावले



**नई दिल्ली।** ऑपरेशन सिंदूर के जरिए भारत ने पाकिस्तान को जबरदस्त सबक सिखाया है। पूरे देश में लोग ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सेना के अदम्य साहस की चर्चा कर रहे हैं। इसी के बीच अब केंद्र सरकार में मंत्री रामदास अठावले ने पीओके को लेकर बड़ा बयान दिया है। रामदास अठावले ने गुरुवार को कहा कि पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) को वापस लिया जाना चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर ऐसा नहीं हुआ तो देश को और युद्ध लड़ने पड़ेंगे।

### रूस संग वार्ता, यूक्रेन भेजेगा प्रतिनिधिमंडल



**अंकारा।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा कि वह रूसी प्रतिनिधिमंडल के साथ शांति वार्ता के लिए रक्षा मंत्री रुस्तम उमरोव के नेतृत्व में एक टीम तुर्किये के शहर इस्तांबुल भेजेंगे। जेलेंस्की ने तुर्किये की राजधानी अंकारा में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कहा कि रूसी प्रतिनिधिमंडल में ''कोई भी ऐसा व्यक्ति शामिल नहीं है जो वास्तव में निर्णय लेता हो।'' जेलेंस्की ने लेकिन कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को यह दिखाने के लिए कि यूक्रेन तीन साल पुराने युद्ध को समाप्त करना चाहता है।

### कान फिल्म महोत्सव यौन शोषण आरोपी अभिनेता पर रोक

**कान (फ्रांस)।** कान फिल्म महोत्सव के आयोजकों ने यौन शोषण के आरोपों से जूझ रहे फ्रांसीसी अभिनेता थियो नवारो-मुस्सी के पुरस्कारों की दौड़ में शामिल फिल्म 'केस 137' के प्रदर्शन में शामिल होने पर रोक लगा दी है। 'मी टू' अभियान के दौर में संभवतः यह पहली बार है, जब यौन शोषण की आरोपी किसी फिल्मी हस्ती को कान फिल्म महोत्सव में शिरकत करने से रोकने का फैसला किया गया है।

## विदेश मंत्री जयशंकर की दो टूक

**पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने अपनाया था सख्त रुख**

# स्थगित ही रहेगा पाकिस्तान के साथ सिंधु जल समझौता

*विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने गुरुवार को पाकिस्तान के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर के तहत हुई कार्रवाई और अन्य प्रतिबंधों को लेकर बड़ा बयान दिया है। जयशंकर ने कहा कि पाकिस्तान के साथ सिंधु जल समझौता स्थगित ही रहेगा और यह तब तक स्थगित रहेगा जब तक पाकिस्तान सीमा पार आतंकवाद के साथ अपने संबंधों को पूरी तरीके से खत्म नहीं कर देता है।*

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

होंडुरास दूतावास के उद्घाटन के अवसर पर विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने कहा कि भारत ने मंगलवार (13 मई) को ही इस बात की पुष्टि कर दी थी कि पाकिस्तान के साथ हुआ युद्धविराम समझौता उनके पहले की गई कार्रवाईयों को किसी तरह से प्रभावित नहीं करते हैं, जिसमें सिंधु जल समझौता को निलंबित करना भी शामिल है। उल्लेखनीय है कि 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले का जवाब भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के जरिए से लिया था। पाकिस्तान और पीओके में आतंकी ठिकानों पर की गई एयर स्ट्राइक में जैश और लश्कर जैसे आतंकी संगठनों के 100 से ज्यादा आतंकवादी ढेर हो गए थे। इसके बाद दोनों देशों में तनाव पैदा हो गया था। उन्होंने कहा, 'अब कश्मीर को लेकर अगर चर्चा के लिए विषय बचा है तो सिर्फ एक ही है, पाकिस्तान के अवैध कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) को खाली कराना और इस पर चर्चा के लिए हम तैयार हैं और पीओके के मुद्दे पर भारत को किसी भी तीसरे देश का दखल मंजूर नहीं है।'

**पाकिस्तान समर्थित आतंकवाद को मिटाने उठाए गए हैं कई कड़े कदम**



### केवल आतंकवाद पर ही होगी बातचीत

जयशंकर ने कहा कि प्रधानमंत्री ने पहले ही स्पष्ट कर दिया है कि पाकिस्तान के साथ बातचीत केवल आतंकवाद के विषय पर ही होगी। आतंकवाद को लेकर भारत की जीरो टॉलरेंस की नीति है। ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान में कार्रवाई को लेकर उन्होंने कहा कि भारतीय सशस्त्र बलों ने पाकिस्तान में घुसकर आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया और उन्हें पूरी तरह से तबाह कर दिया। जयशंकर ने कहा, 'पाकिस्तान में आतंकवाद के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर की कार्रवाई को लेकर हमलोगों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर काफी समर्थन मिला।'

### द्विपक्षीय रहेंगे भारत-पाक संबंध

विदेश मंत्री ने साफ किया कि भारत और पाकिस्तान के बीच संबंध पूरी तरह से द्विपक्षीय ही रहेंगे। उन्होंने कहा कि यह सालों से राष्ट्रीय सहमति है और इसमें बिल्कुल भी बदलाव नहीं हुआ है। प्रधानमंत्री मोदी ने भी स्पष्ट कर दिया है कि पाकिस्तान के साथ बातचीत केवल आतंकवाद पर होगी। पाकिस्तान के पास आतंकवादियों की एक लिस्ट है, जिसे सौंपे जाने की जरूरत है, और उन्हें आतंकवादियों के बुनियादी ढांचे को बंद करना होगा। वे जानते हैं कि क्या करना है। हम उनके साथ आतंकवाद के बारे में चर्चा करने के लिए तैयार हैं। ये वे बातचीत हैं, जो संभव हैं।

### हमें काफी अंतरराष्ट्रीय समर्थन मिला

भारत और पाकिस्तान के बीच कई दिनों तक रहे तनाव पर जयशंकर ने कहा है कि इस दौरान हमें काफी अंतरराष्ट्रीय समर्थन मिला। भारत के पास यूएनएससी का प्रस्ताव था कि अपराधियों को जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए और सात मई को ऑपरेशन सिंदूर के जरिए से जवाबदेह ठहराया भी गया। उन्होंने बताया कि ऑपरेशन सिंदूर पाकिस्तान के आतंकियों के खिलाफ चलाया गया था और इस दौरान पाकिस्तानी आर्मी के पास एक विकल्प था कि वह अलग खड़ी रहे और हस्तक्षेप न करे।

**रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का पाक पर बड़ा हमला**

# उन्होंने 'धर्म' पूछ मारा, हमने 'कर्म' को देखकर किया सफाया

मुंबई हलचल / नई दिल्ली



पहलगाम आतंकी हमले और ऑपरेशन सिंदूर के बाद जम्मू-कश्मीर पहुंचे रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को सीधे पाकिस्तान का नाम लेकर हमला बोला। रक्षा मंत्री ने कहा कि 'आतंकवादियों ने पहलगाम में निर्दोष लोगों को उनका 'धर्म' पूछकर मार डाला। उनके 'कर्म' को देखकर उनका सफाया कर दिया, यह हमारा 'भारतीय धर्म' है।' रक्षा मंत्री सैनिकों को संबोधित करते हुए कहा कि उसे बाद आपने जो जवाब दिया उसे पूरी दुनिया ने देखा है। 22 अप्रैल को पहलगाम की बैसरन वैली हमले में आतंकियों ने धर्म पूछकर गोली मारी थी। इस आतंकवादी हमले में कुल 26 लोगों की मौत हुई थी। बाद भारत ने पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों को ऑपरेशन सिंदूर मे तबाह किया था।

### मेहरबानी पर चल रहा पाकिस्तान

सिंह ने कहा कि पाकिस्तान के अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) से कर्ज लेने पर तंज कसा। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान जहां खड़ा होता है, वहीं से मांगने वालों की लाइन शुरू हो जाती है। भारत आज उन देशों की श्रेणी में है, जो आईएमएफ को फंड देते हैं, ताकि आईएमएफ गरीब देशों को कर्ज दे सके। दरअसल, पाकिस्तान की हालत बीते कई सालों से इतनी बुरी हो चुकी है कि वह पहले से ही विश्व बैंक और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष की मेहरबानी पर चल रहा है।

### आईएईए निगरानी में ले पाक के परमाणु हथियार


सिंह ने पाकिस्तान के हाथ में परमाणु आयुधों की सुरक्षा को लेकर सवाल उठाते हुए कहा कि इन्हें अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी की निगरानी में लिया जाना चाहिए। रक्षा मंत्री की यह टिप्पणी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के उस बयान के कुछ दिन बाद आई है जिसमें उन्होंने कहा था कि भारत पाकिस्तान द्वारा किये जाने वाले ''न्यूक्लियर ब्लैकमेल'' को सहन नहीं करेगा तथा सीमापार आतंकवाद का करारा जवाब दिया जायेगा।'

**मणिपुर के चंदेल की घटना, मुठभेड़ में भारी हथियार बरामद**

# असम राइफल्स और उग्रवादियों के बीच मुठभेड़, 10 उग्रवादी ढेर

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

मणिपुर के चंदेल जिले में असम राइफल्स और उग्रवादियों के बीच बुधवार को हुई मुठभेड़ में 10 उग्रवादी मारे गए। सेना के पूर्वी कमान ने देर रात यह जानकारी दी। यह अभियान भारत-म्यांमार सीमा के पास स्थित न्यू समतल गांव के पास चलाया गया। भारतीय सेना ने बताया कि उन्हें खुफिया जानकारी मिली थी कि न्यू समतल गांव (खेंगजॉय तहसील, चंदेल जिला) के आसपास सशस्त्र उग्रवादियों की आवाजाही हो रही है। इसके बाद असम राइफल्स की एक टुकड़ी ने 14 मई 2025 को इस इलाके में ऑपरेशन शुरू किया। पूर्वी कमान द्वारा जारी बयान में कहा कि सटीक खुफिया जानकारी के आधार पर



असम राइफल्स ने कार्रवाई शुरू की। इस दौरान उग्रवादियों ने सुरक्षाबलों पर गोलीबारी की, जिसके जवाब में जवानों ने संयमित और रणनीतिक तरीके से जवाबी कार्रवाई की। मुठभेड़ में 10 उग्रवादियों को ढेर कर दिया गया, साथ ही बड़ी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद भी बरामद किए गए हैं। हालांकि, मारे गए उग्रवादियों की पहचान अब तक उजागर नहीं की गई है।

### अभियान अब भी जारी

सेना ने यह भी बताया कि ऑपरेशन अभी जारी है, और सुरक्षा बल क्षेत्र में पूरी सतर्कता से स्थिति की निगरानी कर रहे हैं। चंदेल जिला भारत-म्यांमार सीमा से सटा संवेदनशील क्षेत्र है, जहां उग्रवादी गतिविधियाँ अक्सर सामने आती रही हैं। सेना की पूर्वी कमान ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि भारत-म्यांमा सीमा के करीब चंदेल जिले में न्यू समताल गांव के पास सशस्त्र उग्रवादियों की आवाजाही की खुफिया जानकारी पर कार्रवाई करते हुए, असम राइफल्स इकाई ने 14 मई को एक अभियान शुरू किया। अभियान के दौरान, संदिग्ध उग्रवादियों द्वारा सैनिकों पर गोलीबारी की गई, जिस पर जवाबी कार्रवाई में 10 उग्रवादी मारे गए। इस अभियान में बड़ी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किए गए हैं।

## वीरान डल झील...



**श्रीनगर।** भारत और पाकिस्तान के बीच द्विपक्षीय समझौते के बाद श्रीनगर, कश्मीर में गुरुवार को वीरान डल झील के किनारे पहरा देते सुरक्षाकर्मी। पहलगाम में पिछले महीने हुए आतंकी हमले के बाद शहर में पर्यटकों की संख्या में कमी देखी गई है।

### 2.5 लाख लड़कियों को 'पढ़ाएगा' अज़ीम प्रेमजी फाउंडेशन

**बेंगलुरु।** अजीम प्रेमजी फाउंडेशन ने स्कूल के बाद उच्च शिक्षा प्राप्त करने वाली लड़कियों की मदद के लिए बृहस्पतिवार को अजीम प्रेमजी छात्रवृत्ति की घोषणा की। अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अनुराग बेहर ने 'पीटीआई-भाषा' से बात करते हुए बताया कि उन्होंने 18 राज्यों को लेकर फैसला किया है जिनमें अरुणाचल प्रदेश, असम, बिहार, छत्तीसगढ़, झारखंड, कर्नाटक, मध्यप्रदेश, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नगालैंड, ओडिशा, राजस्थान, सिक्किम, तेलंगाना, त्रिपुरा, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड शामिल हैं। बेहर ने कहा, ''इन राज्यों को इसलिए चुना गया क्योंकि हमारे पास इन राज्यों में ज़्यादा भागीदार और ज़्यादा जमीनी मौजूदगी है।

**सोशल मीडिया की अफवाहों के बीच अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी का दावा**

# पाकिस्तान में किसी भी परमाणु संयंत्र से नहीं हुआ कोई रेडिएशन लीक या रिलीज

- भारतीय वायुसेना कह चुकी है हमने ऐसे किसी भी टारगेट को निशाना नहीं बनाया
- विदेश मंत्रालय भी कह चुका भारत का परमाणु कार्रवाई का न इरादा था, न योजना




मुंबई हलचल / नई दिल्ली

भारत-पाकिस्तान में बढ़े तनाव के बीच सोशल मीडिया पर दावा किया जा रहा था कि भारत ने पाकिस्तान के परमाणु संयंत्रों को निशाना बनाया है। दोनों देशों ने हालांकि इसका खंडन किया है।

वहीं, अब वैश्विक परमाणु निगरानी संस्था अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईईएई) ने कहा है कि भारत के साथ सैन्य संघर्ष के बावजूद पाकिस्तान के किसी भी परमाणु संयंत्र से कोई रेडिएशन नहीं हुआ है। वियना स्थित वैश्विक परमाणु निगरानी संस्था का जवाब भारतीय वायुसेना के पहले दिए गए जवाब से मेल खाता है। वायुसेना ने कहा था कि भारत ने पाकिस्तान के किराना हिल्स में किसी भी टारगेट को निशाना नहीं बनाया है, जहां कथित तौर पर कुछ परमाणु प्रतिष्ठान स्थित हैं। आईईएई के प्रवक्ता ने मंगलवार को कहा कि जिन रिपोर्टों का जिक्र कर रहे हैं, हम उनके बारे में जानते हैं।

आईएईए के पास उपलब्ध जानकारी के आधार पर, पाकिस्तान में किसी भी परमाणु संयंत्र से कोई रेडिएशन लीक या रिलीज नहीं हुआ है। उनसे पूछा गया था कि क्या किसी परमाणु घटना या रिसाव को आईएईए के घटना और आपातकालीन केंद्र की जानकारी में लाया गया है।

### सोशल मीडिया पर लगाए जा रहे थे कयास

भारतीय हमलों में पाकिस्तान के सरगोधा एयरबेस को निशाना बनाया गया था। इसके बाद यह चर्चा शुरू हुई कि यह एयरबेस पास के किराना हिल्स क्षेत्र में स्थित एक भूमिगत परमाणु भंडारण केंद्र से जुड़ा है। इसी पृष्ठभूमि में सोशल मीडिया पर यह कयास लगाए जाने लगे कि भारत ने कथित रूप से इन परमाणु केंद्रों पर हमला किया था। जिससे विकिरण रिसाव की स्थिति पैदा हो गई।

### किराना हिल्स में निशाना नहीं बनाया: सेना

*इससे पहले सोमवार को डीजी एयर ऑपरेशन्स एयर मार्शल एके भारती ने कहा था कि भारत ने पाकिस्तान के किराना हिल्स में किसी भी टारगेट को निशाना नहीं बनाया है। प्रेस ब्रीफिंग में एक सवाल के जवाब में एयर मार्शल भारती ने कहा कि हमें यह बताने के लिए धन्यवाद कि किराना हिल्स में कुछ परमाणु संयंत्र हैं। हमें इसके बारे में पता नहीं था। हमने किराना हिल्स पर हमला नहीं किया है। भारत की सभी सैन्य कार्रवाइयां पूरी तरह पारंपरिक थीं और किसी भी प्रकार के सामरिक हथियारों का उपयोग नहीं किया गया।*

### पाक ने खुद स्वीकारा नहीं हुआ परमाणु हमला: विदेश मंत्रालय

*वहीं, विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने सोमवार को कहा था कि पाकिस्तान के विदेश मंत्री ने खुद रिकॉर्ड पर परमाणु हमले की बात से इनकार किया है। उन्होंने कहा कि भारत ने परंपरागत सैन्य कार्रवाई की थी और किसी भी तरह की परमाणु कार्रवाई का न तो इरादा था और न ही कोई योजना। भारत का दृढ़ रुख है कि वह परमाणु ब्लैकमेल के आगे नहीं झुकेगा या इसका हवाला देकर सीमा पार आतंकवाद को संचालित होने की अनुमति नहीं देगा। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि भारत और पाकिस्तान के बीच परमाणु संघर्ष को टालने को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा किए गए दावे पूरी तरह निराधार और भ्रामक हैं।*

### इस मामले में कोई जानकारी नहीं: अमेरिका

*वहीं, 13 मई को वाशिंगटन डीसी में अमेरिकी विदेश विभाग की प्रेस ब्रीफिंग में उप प्रवक्ता थॉमस पिगॉट से भी इस विषय पर एक सवाल पूछा गया था। क्या अमेरिका ने कुछ सुरक्षित पाकिस्तानी स्थलों में न्यूक्लियर रेडिएशन के लीक की रिपोर्ट के बाद इस्लामाबाद या पाकिस्तान में कोई टीम भेजी है? ब्रीफिंग में इस सवाल के जवाब में थॉमस ने कहा था, "इस समय मेरे पास इस पर कहने के लिए कुछ नहीं है।"*

## पुलवामा में हुए मुठभेड़ में जैश के तीन आतंकवादी ढेर

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के पुलवामा जिले में गुरुवार को सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) के तीन आतंकवादी मारे गए। अधिकारियों ने बताया कि तीनों आतंकवादियों की पहचान आसिफ अहमद शेख, आमिर नजीर वानी और यावर अहमद भट के रूप में हुई है। वे सभी जम्मू-कश्मीर के पुलवामा जिले के निवासी हैं। केंद्र शासित प्रदेश में 48 घंटे के भीतर यह दूसरी मुठभेड़ है। श्रीनगर मुख्यालय सेना की 15वीं कोर ने एक्स पर कहा कि अंतरराष्ट्रीय एजेंसी से विशिष्ट खुफिया इनपुट के आधार पर, भारतीय सेना, जम्मू-कश्मीर पुलिस और सीआरपीएफ द्वारा नादेर, त्राल, अवंतीपोरा में एक कॉर्डन एंड सर्च ऑपरेशन शुरू किया गया था। इस दौरान संदिग्ध गतिविधि देखी गई। गुरुवार की मुठभेड़ शोपियां जिले के केल्लर इलाके में सुरक्षाबलों द्वारा एक अभियान में लश्कर-ए-तैयबा के तीन आतंकवादियों को मार गिराने के दो दिन बाद हुई है।

# पहलगाम हमले के दोषी 'टीआरएफ' को यूएन प्रतिबंध सूची में डालने में जुटा भारत

**भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने की यूएन आतंकवाद निरोधक समिति के उच्च अधिकारियों से मुलाकात**



मुंबई हलचल / नई दिल्ली

भारत ने पिछले महीने 22 अप्रैल को पहलगाम हमले में शामिल रहे पाकिस्तान समर्थित आतंकवादी संगठन द रेजिस्टेंस फ्रंट यानी टीआरएफ को संयुक्त राष्ट्र (यूएन) की प्रतिबंधित आतंकी संगठन की सूची में शामिल कराने की कवायद तेजी के साथ शुरू कर दी है। लश्कर-ए-तैयबा के छद्म आतंकी संगठन के रूप में टीआरएफ भारत में बीते कुछ समय से अपनी नापाक आतंकी गतिविधियों को अंजाम देता आया है। बीते बुधवार देर रात इसे यूएन की प्रतिबंधित सूची में शामिल करने को लेकर एक भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने संयुक्त राष्ट्र आतंकवाद निरोधक कार्यालय और आतंकवाद निरोधक समिति के शीर्ष अधिकारियों के साथ मुलाकात की। जिसके बाद इस बात की संभावना जताई जा रही है कि टीआरएफ पर जल्द ही संयुक्त राष्ट्र की तरफ से प्रतिबंध लगाया जा सकता है। सूत्रों ने बताया कि भारतीय टीम फिलहाल न्यूयॉर्क में है और उसके द्वारा यूएन की प्रतिबंध समिति 1267 की निगरानी टीम और अन्य साझेदार देशों के साथ भी संवाद जारी है।

### देश में पहली बार मासिक आधार पर बेरोजगारी दर नापी गई

# पहले मासिक रोजगार आंकड़े जारी, अप्रैल में भारत की बेरोजगारी दर 5.1 प्रतिशत रही

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

देश में पहली बार मासिक आधार पर मापी गई बेरोजगारी की दर इस साल अप्रैल में 5.1 प्रतिशत रही। बृहस्पतिवार को जारी सरकारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने वास्तविक समय में देश में नौकरियों के लिए पात्र लोगों में बेरोजगार लोगों के अनुपात की निगरानी के प्रयासों के तहत पहला मासिक आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) जारी किया।

इसके पहले तक श्रम बल सर्वेक्षण तिमाही और वार्षिक आधार पर ही जारी किया जाता था। वर्तमान साप्ताहिक स्थिति (सीडब्ल्यूएस) में एकत्र हालिया आंकड़ों से पता चला है कि अप्रैल, 2025 के दौरान प्रत्येक आयु वर्ग के व्यक्तियों की बेरोजगारी दर 5.1 प्रतिशत रही।

**सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने जारी किए आंकड़े**

**पहले श्रम बल सर्वेक्षण तिमाही व वार्षिक आधार पर होता था**

**प्रत्येक आयु वर्ग के व्यक्तियों की बेरोजगारी दर 5.1 प्रतिशत रही**



### महिलाओं में बेरोजगारी दर पांच फीसदी

पुरुषों में बेरोजगारी की दर 5.2 प्रतिशत रही, जबकि महिलाओं में यह दर पांच प्रतिशत रही। इस दौरान देश भर में 15-29 आयु वर्ग के लोगों में बेरोजगारी दर 13.8 प्रतिशत थी। शहरी क्षेत्रों में बेरोजगारी दर 17.2 प्रतिशत, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में यह 12.3 प्रतिशत थी। सीडब्ल्यूएस का आशय सर्वेक्षण की तारीख से पहले के सात दिन में निर्धारित गतिविधि स्थिति से है।

### शहरी क्षेत्रों में अनुपात 47.4 प्रतिशत रहा

आंकड़ों से पता चलता है कि अप्रैल में ग्रामीण क्षेत्रों में 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के लोगों में डब्ल्यूपीआर 55.4 प्रतिशत थी।अप्रैल में शहरी क्षेत्रों में यह अनुपात 47.4 प्रतिशत था, जबकि राष्ट्रीय स्तर पर समग्र डब्ल्यूपीआर 52.8 प्रतिशत दर्ज किया गया था। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में 15 वर्ष और उससे अधिक आयु की महिलाओं में डब्ल्यूपीआर क्रमशः 36.8 प्रतिशत और 23.5 प्रतिशत थी।

### महिलाओं की डब्ल्यूपीआर 32.5 फीसदी

राष्ट्रीय स्तर पर समान आयु वर्ग की समग्र महिला डब्ल्यूपीआर 32.5 प्रतिशत थी।उन्नत कवरेज के साथ उच्च आवृत्ति वाले श्रम बल संकेतकों की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए, जनवरी 2025 से पीएलएफएस की नमूना पद्धति में सुधार किया गया है। अप्रैल, 2025 के दौरान देश भर में कुल 7,511 प्रथम चरण नमूनाकरण इकाइयों का सर्वेक्षण किया गया है।

### अधिक आयु वर्ग की महिलाओं में श्रम बल भागीदारी घटी

ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के पुरुषों में एलएफपीआर क्रमशः 79.0 प्रतिशत और 75.3 प्रतिशत थी। अप्रैल, 2025 के दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में 15 वर्ष और उससे अधिक आयु की महिलाओं में श्रम बल भागीदारी की दर 38.2 प्रतिशत थी।

### महिलाओं में बेरोजगारी दर अधिक

अध्ययन से यह भी पता चला कि 15-29 आयु वर्ग की महिलाओं में बेरोजगारी दर पूरे देश में (ग्रामीण एवं शहरी) 14.4 प्रतिशत थी, जबकि शहरों में यह 23.7 और गांवों में 10.7 प्रतिशत थी। देश में 15-29 वर्ष आयु वर्ग के पुरुषों में बेरोजगारी दर 13.6 प्रतिशत दर्ज की गई, जबकि शहरों में यह 15 प्रतिशत और गांवों में 13 प्रतिशत थी।

### एलएफपीआर 55.6 प्रतिशत

आंकड़ों से पता चला कि अप्रैल, 2025 के दौरान 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के लोगों में श्रम बल भागीदारी दर (एलएफपीआर) 55.6 प्रतिशत थी। ग्रामीण क्षेत्रों में भागीदारी दर 58.0 प्रतिशत थी जबकि शहरी क्षेत्रों में यह 50.7 प्रतिशत थी।

# बर्खास्त कर दें..., मंत्री विजय शाह पर भड़कीं उमा भारती; याद दिलाई पीएम मोदी की नसीहत

**इंदौर।** कर्नल सोफिया को लेकर की गई टिप्पणी पर मंत्री विजय शाह चारो तरफ से घिरते जा रहे हैं। पहले हाई कोर्ट ने एफआईआर का आदेश दिया, फिर सुप्रीम कोर्ट ने फटकार लगाई। अब मध्य प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा नेता उमा भारती ने उन्हें मंत्री पद से बर्खास्त करने की मांग की है। इस दौरान उमा भारती ने कांग्रेस पर निशाना साधा। उमा भारती ने भाजपा सरकार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नसीहत भी याद दिलाई। बता दें कि मध्य प्रदेस की मोहन यादव सरकार में मंत्री विजय शाह के बयान के बाद कांग्रेस ने अक्रामक रुख अपनाया हुआ है। कांग्रेस ने मंत्री विजय शाह पर कार्रवाई की मांग की है। कांग्रेस की इस मांग पर उमा भारती ने मध्य प्रदेश बीजेपी से कहा कि विजय शाह को बर्खास्त कर देना चाहिए या फिर उन्हें इस बयान के बाद खुद ही इस्तीफा दे देना चाहिए। उमा भारती ने मंत्री विजय शाह के इस्तीफे की मांग करते हुए कहा कि हमारे राज्य के मेरे सगे भाई जैसे प्रिय



मंत्री को या तो हम बर्खास्त करें या वह इस्तीफा दे दें, क्योंकि उनका असभ्य कथन हम सबको शर्मिंदा कर रहा है, उनकी बर्खास्तगी में असमंजस आश्चर्य का विषय है।

**याद दिलाई पीएम मोदी की नसीहत :** मंत्री विजय शाह के बयान के बाद कांग्रेस का रुख देख उमा भारती ने निशाना साधा। उमा भारती ने बीजेपी को नसीहत देते हुए कहा कि कांग्रेस के कहने या सुनने से हमें क्या मतलब है, नैतिकता और देशभक्ती पर कांग्रेस खरी नहीं उतर पाई, लेकिन हमारे वर्तमान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नसीहतों का हमें ध्यान रखना चाहिए। उमा भारती ने कर्नल सोफिया की तारीफ करते हुए कहा कि उन्होंने स्वयं पहलगाम की घटना से लेकर आज तक जो शौर्य और धैर्य का परिचय दिया उससे दुनिया चकित हुई और पूरा भारत उनके साथ खड़ा है। बता दें कि मंत्री विजय शाह के आपत्तिजनक बयान पर जबलपुर हाई कोर्ट ने स्वतः संज्ञान लिया। जबलपुर हाई कोर्ट ने मंत्री पर एफआईआर करने का आदेश दिया। हाई कोर्ट के आदेश के बाद एफआईआर हो भी गई। इस मामले में विजय शाह सुप्रीम कोर्ट पहुंचे तो वहां भी फटकार लगी। कोर्ट ने एफआईआर की भाषा पर भी फटकार लगाई है। ऐसे में देखा जा रहा है कि कर्नल सोफिया पर दिए गए आपत्तिजनकर बयान के बाद से ही मंत्री विजय शाह मुश्किलों में लगातार घिरते जा रहे हैं।

# शरीर को स्वस्थ रखने के साथ वजन कम करने में मदद करते हैं ये 4 डिटॉक्स वाटर



स्वस्थ रहने के लिए शरीर को डिटॉक्स करना बहुत जरूरी है। बॉडी डिटॉक्स करना यानि शरीर के अंदर के विषैले पदार्थों को बाहर निकालना। आज हम आपको ऐसे डिटॉक्स वॉटर बताने जा रहे हैं जो शरीर को टॉक्सिन्स रहित बनाने के साथ पाचन तंत्र के लिए भी बहुत फायदेमंद है। इसके अलावा इसे पीने से स्किन साफ, लिवर स्वस्थ रहता है और यह एनर्जी बूस्ट करने में मदद करता है। आइए जानिए घर पर कैसे बनाएं डिटॉक्स वाटर?



1. अनानास का डिटॉक्स वाटर - अनानास से तैयार वाटर एक्सट्रा चर्बी कम करने में मदद करता है। इसे बनाने के लिए अनानास और नींबू के टुकड़े बारीक काट लें। फिर इसे जार में लेकर इसमें पुदीने के पते, पानी और बर्फ के टुकड़े डालें। अब इसे 4 घंटे के लिए फ्रिज में रख दें और फिर पीएं।

२. स्ट्रॉबरी-किवी का डिटॉक्स वाटर - स्ट्रॉबरी और किवी में विटामिन्स, पोषक तत्व भरपूर मात्रा में पाए जाते हैं। इससे तैयार डिटॉक्स वाटर पीने से शरीर को पर्याप्त मात्रा में न्यूट्रिशन मिलता है और यह टॉक्सिन्स निकालने में मदद करता है। इसे तैयार करने के लिए स्ट्रॉबरी और किवी के बारीक टुकड़ें काट लें और इसे पानी में डाल कर इसमें पुदीने के पते और बर्फ के टुकड़ें डालें। फिर इसे ६ घंटे के लिए फ्रिज में रखें।

३. संतरे और खीरे का डिटॉक्स वाटर - शरीर को टॉक्सिन रहित बनाने के लिए संतरे और खीरे से तैयार डिटॉक्स वाटर काफी फायदेमंद है। यह शरीर को बीमारियों से भी बचाए रखता है। संतरे में विटामिन सी भरपूर मात्रा में होता है और खीरा शरीर को हाइड्रेट करने में मदद करता है। इससे डिटॉक्स वाटर तैयार करने के लिए पुदीने के पते और खीरे को काट कर पानी में डालें। फिर इसमें संतरे के टुकड़े डाल कर फ्रिज में २ घंटे के लिए रख दें।

4.तरबूज और खीरे का डिटॉक्स वाटर - यह शरीर को टॉक्सिन्स रहित करने के साथ पाचन तंत्र के लिए भी काफी फायदेमंद है। इसके लिए तरबूज, खीरे और पुदीने के पते काटकर जार में डालें और फिर इसे फ्रिज में 4 घंटे के रखें। फिर इसे पीएं।

# महीने में Fairness पाने के लिए नेचुरल तरीके से बनाएं यह क्रीम

गोरापन हर किसी को अपनी ओर आकर्षित करता है। हर लड़की भी यही चाहती है कि किसी न किसी तरीके उसकी त्वचा में निखार आ जाए। इसके लिए वह कई तरह की फेयरनेस क्रीम का इस्तेमाल भी करती हैं। कई बार इन क्रीम्स में मौजूद कैमिकल त्वचा को नुकसान पहुंचाते हैं। अगर घर पर नेचुरल तरीके से फेयरनेस क्रीम बनाकर इस्तेमाल की जाए तो जल्दी फायदा मिलता है।



**जरूरी सामान –** 1 टेबलस्पून नींबू का रस
3 टेबलस्पून गुलाब जल
1 टेबलस्पून बादाम या ऑलिव ऑयल
2 टेबलस्पून एलोवेरा जेल

क्रीम बनाने का तरीका
सबसे पहले नींबू के रस और गुलाब जल को अच्छे से मिक्स कर लें। अब चंदन के पाउडर को इसमें डालकर मिक्स करें। इसके बाद इसमें ऑलिव ऑयल या फिर बादाम का तेल मिलाएं और अच्छी तरह मिक्सी में डालकर मिला लें। जब यह मिक्स हो जाए तो इसमें एलोवेरा जेल डाल दें और मिक्सी में सारे मिश्रण को अच्छे से मिला लें। जब यह क्रीम की तरह बन जाए तो इसे एयरटाइट डिब्बी में डाल कर रख लें।

**इस तरह करें इस्तेमाल –** इसे इस्तेमाल करने से पहले चेहरे को गुलाब जल के साथ अच्छी तरह से क्लीन कर लें। अब हथेली पर थोड़ी-सी क्रीम लेकर इसे चेहरे पर अप्लाई करें। इसकी चेहरे पर अच्छी तरह से मसाज करें। एक महीने तक दिन में लगातार 2 बार इस क्रीम का इस्तेमाल करें। इससे नेचुरल तरीके से चेहरे का रंग गोरा होना शुरू हो जाएगा।

# कोशिश करने के बाद भी नहीं छूट रही शराब की लत तो अपनाएं ये टिप्स

आज 10 में 7 लोग शराब पीने के आदी हैं। शराब की लत ने ना सिर्फ उनकी जिंदगी बर्बाद कर दी है बल्कि उनके परिवार वाले भी इस आदत से दुखी हैं। शराब पीने की वजह से कई घर टूट रहे हैं। अपने परिवार को अच्छा माहौल देने के लिए कुछ लोग तो इस गंदी आदत को छोड़ना भी चाहते हैं। मगर कई बार कोशिश करने के बाद भी वह शराब छोड़ नहीं पाते। अगर आप शराब छोड़ने का मन बना चुके हैं तो ये घरेलू नुस्खे आपकी मदद कर सकते हैं।

**1. गाजर का जूस –** जो लोग शराब छोड़ना चाहते हैं उनके लिए गाजर बहुत बढ़िया है। रोजाना गाजर का जूस पीने से शराब पीने की इच्छा खत्म होती है। इसके साथ ही शरीर में एनर्जी बनी रहती है।

**2. खजूर –** शराब की लत से छुटकारा पाना चाहते हैं तो खजूर को दूध के साथ मिसकर करके पीएं। इसको पीने से कुछ ही दिनों में आपको फर्क दिखाई देने लगेगा।

**3. करेले के पत्ते –** करेले के रस से भी शराब की लत को कुछ ही दिनों में दूर किया जा सकता है। करेले के पत्तों को पीसकर इसका रस निकाल लें। फिर इसमें शहद के 2 चम्मच मिलाकर पीए लें।



**4. अंगूर –** शराब जो है वह अंगूर से ही बनती है। अगर आप रोजाना अंगूर खाना शुरू कर देते हैं तो कुछ ही दिनों में शराब पीने की आदत छूट जाएगी।

**5. अजवाइन –** 1 गिलास पानी में अजवाइन डालकर उसको तब तक उबालें जब तक वह आधा ना रह जाए। अब इस पानी को ठंडा होने के बाद पीएं। लगातार 1 महीने तक इस पानी को पीने से शराब पीने की इच्छा कम होगी।

**6. शिमला मिर्च –** शिमला मिर्च को पीसकर इसका जूस निकाल लें। रोजाना खाना खाने के बाद आधा कप शिमला मिर्च का जूस पीएं। ऐसा करने से थोड़े दिनों में आपको फर्क दिखाई देने लगेगा।

**7. अदरक का तेल –** अदरक का तेल या इसकी चाय पीने से भी शराब छोड़ने में मदद मिलती है।



दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर



ABVM AGRAWAL JATIYA KOSH'S GHANSHYAMDAS JALAN COLLEGE
Estd. - 2014

# G.D. JALAN COLLEGE

Affiliated to University of Mumbai & M.S. Board

(MARWARI MINORITY) NAAC Accredited with B+ Grade, ISO 9001 : 2015 CERTIFIED COLLEGE

College Code : 527

Junior College

F.Y.J.C/ S.Y.J.C (Science & Commerce)

Degree College

B. Com • B.A.F • B.Sc.I.T • B.M.S • B.Sc

ADMISSIONS OPEN

Contact Number : 9326346900 / 9326335467

Upper Govind Nagar, Malad (East)

# दिलजीत दोसांझ नहीं होंगे नो एंट्री 2 का हिस्सा



**पंजाबी** सिंगर और बॉलीवुड अभिनेता दिलजीत दोसांझ एक बार फिर चर्चा में आ गए हैं, लेकिन इस बार मेट गाला लुक या म्यूजिक प्रोजेक्ट की वजह से नहीं, बल्कि अपनी अगली फिल्म को लेकर। दरअसल, अभिनेता लंबे वक्त से अपनी अपकमिंग फिल्म नो एंट्री के सीक्वल को लेकर सुर्खियों में थे, लेकिन अब वो इस फिल्म से बाहर हो गए हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार, दिलजीत दोसांझ अब बोनी कपूर की फिल्म नो एंट्री 2 का हिस्सा नहीं रहेंगे। पहले ये कयास लगाए जा रहे थे कि उन्होंने फिल्म को क्रिएटिव डिफरेंस यानी किसी मतभेदों के चलते छोड़ा है, लेकिन अब निर्माता बोनी कपूर ने इन अटकलों को खारिज कर दिया है। फिल्म में पहले दिलजीत के साथ अर्जुन कपूर और वरुण धवन नजर आने वाले थे। कहा जा रहा था कि दिलजीत इस कॉमिक फ्रैंचाइजी का हिस्सा बनने को लेकर काफी उत्साहित थे। हालांकि, बात बन नहीं पाई। फिल्ममेकर बोनी कपूर ने मीडिया से बातचीत में स्पष्ट किया कि दिलजीत के फिल्म से बाहर होने की वजह सिर्फ डेट्स का तय होना है, ना कि क्रिएटिव डिफरेंस है। बोनी कपूर ने आगे कहा कि दिलजीत बॉर्डर 2 और नो एंट्री 2 दोनों के लिए कमिटेड हैं, लेकिन शूटिंग डेट्स को लेकर मुश्किल आ रही है। बॉर्डर 2 में सनी देओल की भी अहम भूमिका है और उनकी डेट्स सिर्फ अगस्त–सितंबर तक ही उपलब्ध हैं।



# प्रियंका से मिलते ही हो गया था प्यार

**बॉलीवुड** एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा और निक जोनस अक्सर किसी ना किसी वजह से सुर्खियों में छाए रहते हैं। वहीं दोनों की लव स्टोरी किसी फेयरीटेल से कम नहीं रही है। जब मेट गाला 2017 में दोनों पहली बार साथ नजर आए थे, तब लोगों को लगा कि यह सिर्फ एक प्रमोशनल मूव है। लेकिन जल्द ही यह रिश्ता गंभीर मोड़ लेने लगा और अफवाहों से आगे बढ़ते हुए दोनों की शादी ने हर किसी को चौंका दिया। दरअसल, हाल ही में निक जोनस ने एक इंटरव्यू में अपने और प्रियंका चोपड़ा के रिश्ते की शुरूआत को लेकर दिलचस्प बातें साझा कीं। जब केली एंड मार्क शो में बातचीत के दौरान निक से पूछा गया कि उन्हें कैसे पता चला कि प्रियंका ही उनकी लाइफ पार्टनर हैं? इस पर उन्होंने जवाब देते हुए कहा कि बहुत जल्द ही ये एहसास हो गया था। निक ने हंसते हुए आगे बताया कि रोमांस से पहले वे दोनों अच्छे दोस्त थे। वो मेरे घर आई थीं, हम बातें करते थे और जब हमने डेट करना शुरू किया तो दो महीने में सगाई और तीन–चार महीने के अंदर शादी हो गई। हालांकि, इस दौरान उन्होंने अपनी प्यारी बेटी मालती मैरी को लेकर भी बातें कीं। उन्होंने बताया कि मालती अब तीन साल की होने वाली है और काफी एक्टिव बच्ची है। निक ने बताया कि जब वो सॉकर नहीं खेल रही होती, तो कराटे क्लास में होती है। उसे कराटे ज्यादा पसंद है। साथ ही यह भी कहा कि मालती कराटे की यूनिफॉर्म पहनकर हाइ–या बोलती है, जिसे देखकर वो बहुत खुश हो जाते हैं।

